प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को सबसे महत्वपूर्ण मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता बताते हुए इसे विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत– यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, भारत–ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है और इससे विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने आज वर्चुअल माध्यम से आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता, देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता और यूरोपीय संघ के लाखों लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि ये दोनों क्षेत्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी का 25 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्थिक पहलुओं से अलग यह समझौता लोकतंत्र और विधि के शासन के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बैंक कर्मी हड़ताल

संयुक्त मोर्चा यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर देशभर में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल और प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में राजधानी शिमला व सोलन में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने जोरदार धरना–प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताया। यूनियन के हिमाचल इकाई के संयोजक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगों को सरकार लगातार नजरअंदाज कर रही है और यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और बीती रात से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बर्फबारी और निचले इलाकों में तेज हवाओं के साथ व्यापक वर्षा हो रही है। इस बर्फबारी व वर्षा से तापमान में गिरावट आई है और समूचा प्रदेश जबरदस्त शीतलहर की चपेट में है। राज्य के कई ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के कारण कई सड़कें बाधित है। हालांकि लोक निर्माण विभाग की टीमें सड़कों को बहाल करने में जुटी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज किन्नौर, लाहौल स्पीति, चंबा और कुल्लू ज़िलों में भारी हिमपात का ऑरेंज अर्लट जबकि कांगड़ा, शिमला, मंडी, सिरमौर और सोलन ज़िलों में बारिश का यलो अर्लट जारी किया है।

प्रशिक्षण शिविर

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के माध्यम से जिले की हरलोग पंचायत के पालटी गांव में मशरूम उत्पादन पर 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न स्वयं सहायता समूह व बी.पी.एल़ परिवार से जुड़े लोगों ने मशरूम उत्पादन को लेकर जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने सभी प्रशिक्षाणार्थियों से स्वरोजगार के तौर पर मशरुम उत्पादन से जुड़ कर अपनी आजीविका बढ़ाने का भी आह्वान किया।

भारत–पर्व

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली के लाल किले में छह दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृति और पर्यटन महोत्सव भारत पर्व 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि यह महोत्सव भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का मंच प्रदान करेगा।